लुटियंस की जगह राजगोपालाचारी

राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में पहले भारतीय गवर्नर जनरल राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया औपनिवेशीकरण की स्मृतियों से मुक्ति का महत्त्वपूर्ण कार्य

एजेंसियां

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में स्वतंत्र भारत के पहले और इकलौते भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया। यह प्रतिमा नई दिल्ली में कई इमारतों के मुख्य वास्तुकार एडविन लुटियंस की प्रतिमा के स्थान पर लगाई गई है। राष्ट्रपति सचिवालय ने कहा कि यह पहल औपनिवेशिक मानसिकता के अवशेषों को मिटाने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों की श्रृंखला का हिस्सा है।

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन सहित अन्य लोगों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने अशोक मंडप के पास राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण किया। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि यह पहल औपनिवेशिक मानसिकता के अवशेषों को मिटाने और भारत की समृद्ध संस्कृति, विरासत, शाश्वत परंपराओं को गर्व से अपनाने तथा भारत माता की सेवा में असाधारण योगदान देने वालों को सम्मानित करने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों की श्रृंखला का हिस्सा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तथा उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने राष्ट्रपति भवन में प्रतिमा का अनावरण किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को इस अवसर पर भेजे अपने संदेश में कहा कि राजाजी और महात्मा गांधी के बीच गहरे आपसी विश्वास और मित्रता से चिह्नित घनिष्ठ संबंध थे जो सर्वविदित है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के समक्ष प्रधानमंत्री मोदी का संदेश केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पढ़ा। मोदी ने अपने संदेश में कहा, 'इसलिए, महात्मा गांधी की प्रतिमा के ठीक सामने राजाजी की प्रतिमा स्थापित करना उचित है। इसके अलावा, यह तथ्य कि राजाजी की प्रतिमा उस स्थान पर स्थापित की जाएगी, जहां पहले एडविन लुटियंस की प्रतिमा हुआ करती थी, एक महत्त्वपूर्ण विवरण है, यह औपनिवेशीकरण की स्मृतियों से मुक्ति का एक महत्त्वपूर्ण कार्य है।'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति भवन के ऐतिहासिक केंद्रीय प्रांगण में राष्ट्रपति द्वारा राजगोपालाचारी, जिन्हें व्यापक रूप से राजाजी के नाम से जाना जाता है, की प्रतिमा का अनावरण भारत की जनता के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा, 'आज राष्ट्रपति भवन सत्ता का केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता में निहित लोकतांत्रिक आत्मविश्वास का प्रत्यक्ष प्रतीक है। 'राजाजी उत्सव' और श्री सी. राजगोपालाचारी जी की प्रतिमा के अनावरण जैसी पहल इस दिशा को और मजबूत करती हैं। ये उन नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करती हैं जिन्होंने राष्ट्र का सह-निर्माण किया और हमें याद दिलाती हैं कि उनकी प्रतिमा का उत्सव मनाकर ही स्वतंत्रता को कायम रखा जा सकता है।'

रविवार को प्रधानमंत्री ने अपने 'मन की बात' संबोधन में कहा था कि राजाजी की प्रतिमा का अनावरण औपनिवेशिक मानसिकता के अवशेषों को मिटाने की दिशा में उठाया गया एक कदम है। अनावरण समारोह के बाद मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र (आरबीसीसी) में आयोजित राजाजी उत्सव में शिरकत की, जहां उन्होंने राजगोपालाचारी के जीवन और कार्यों पर आधारित फोटो एवं पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जब राजाजी गवर्नमेंट हाउस (जिसे अब राष्ट्रपति भवन के नाम से जाना जाता है) पहुंचे, तो उन्होंने अपने कमरे में रामकृष्ण परमहंस और महात्मा गांधी के चित्र लगवाए थे।

मुंबई को पछाड़ गुरुग्राम बना शीर्ष लग्जरी हाउसिंग मार्केट

रामवीर सिंह गुर्जर और संकेत कौल

गुरुग्राम भारत का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ अल्ट्रा लग्जरी आवासीय बाजार बनकर उभरा है। इसके साथ ही इसने इन मकानों के मामले में मुंबई को पीछे छोड़ दिया है। गुरुग्राम के आवासीय बाजार में अल्ट्रा लग्जरी मकानों (10 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत) की जमकर बिक्री हो रही है। तीन साल में इन मकानों की मूल्य में बिक्री 6 गुना बढ़ चुकी है। संख्या के लिहाज से बिक्री में 10 गुना इजाफा हुआ है।

इंडिया सदबीज इंटरनैशनल रियल्टी (आईएसआईआर) और सीआरई मैट्रिक्स द्वारा संयुक्त रूप से जारी नवीनतम हाई-ऐंड लग्जरी हाउसिंग रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 गुरुग्राम के अल्ट्रा-लग्जरी हाउसिंग श्रेणी के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हुआ, जिसमें 10 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले 1,494 मकानों की बिक्री हुई, जो शहर में किसी भी एक साल की अवधि में अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। गुरुग्राम ने 2025 में 10 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले लग्जरी मकानों की कुल बिक्री मूल्य के मामले में मुंबई को भी पीछे छोड़ दिया है, जिससे यह भारत में हाई-ऐंड आवासीय वृद्धि का प्रमुख केंद्र बन गया है। पिछले तीन वर्षों में अल्ट्रा-लग्जरी मकानों की बिक्री में लगभग दस गुना वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2023 में मात्र 155 मकान बिके थे, 2025 में ये आंकड़ा करीब 10 गुना बढ़कर करीब

2021 के बाद पहली बार मुंबई शीर्ष स्थान से फिसला

1,500 हो गया। बिक्री मूल्य के लिहाज से इस दौरान बिक्री मूल्य 4,004 करोड़ रुपये से 10 गुना बढ़कर 24,119 करोड़ रुपये हो गया। यह वृद्धि घरेलू संपत्ति सृजन, उच्च-नेट-वर्थ (एचएनआई) और अल्ट्रा-एचएनआई निवेशकों की बढ़ती भागीदारी तथा गुरुग्राम के रियल एस्टेट बाजार में वैश्विक निवेशकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। इस संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार 2024 में 13,384 करोड़ रुपये के बिके मकानों की तुलना में 2025 में 80 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की गई। 2025 में गुरुग्राम के कुल आवासीय बाजार मूल्य में अल्ट्रा-लग्जरी मकानों की हिस्सेदारी 24 प्रतिशत रही। प्रति मकान औसत टिकट साइज लगभग 16 करोड़ रुपये रहा, जो बड़े और प्रीमियम आवासों की मजबूत मांग को दर्शाता है।

यूनिकॉर्न बनने की दर 40 गुना बढ़ी

उदिशा श्रीवास्तव

पिछले एक दशक में किसी कंपनी के यूनिकॉर्न दर्जा हासिल करने की दर वैश्विक स्तर पर लगभग 40 गुना बढ़ गई है। वर्ष 2003 से 2013 के बीच औसतन चार कंपनियां प्रति वर्ष यूनिकॉर्न बनती थीं, जबकि यह आंकड़ा 2014 से 2024 के बीच बढ़कर 148 पहुंच गया है। वैश्विक शुरुआती चरण की वेंचर कैपिटल फर्म एंटलर की रिपोर्ट के अनुसार, यूनिकॉर्न बनने में लगने वाला औसत समय छह से सात साल पर स्थिर रहा है। हालांकि एआई कंपनियों का मामला अलग है, जो अब औसतन 4.7 वर्षों में ही यह मील का पत्थर छू लेती हैं।

द एनाटॉमी ऑफ ग्रेटनेस नामक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कंपनी संस्थापकों की उम्र में अब बदलाव दिख रहा है। पहले जहां यूनिकॉर्न संस्थापक की औसत उम्र 30 वर्ष होती थी, वह अब बढ़कर 33 साल हो गई है। इसके विपरीत, एआई-यूनिकॉर्न संस्थापक कम उम्र के हो गए हैं। वर्ष 2020 में 40 पार के लोग ही एआई-यूनिकॉर्न के मालिक हुआ करते थे, लेकिन 2024 में औसत उम्र घटकर 29 हो गई है।

रिपोर्ट में इस दशक भर के अध्ययन के दौरान 2014 और 2024 के बीच 1,629 यूनिकॉर्न कंपनियों और 3,512 संस्थापकों का विश्लेषण किया गया है। इसमें यूनिकॉर्न बनने की भौगोलिक स्थिति पर भी प्रकाश डाला गया है। वर्ष 2010 की शुरुआत में जहां आठ देशों के 30 शहरों में ही यूनिकॉर्न कंपनियां स्थापित थीं, अब 2014 से 2024 के बीच यह स्थिति बदली है और यूनिकॉर्न कंपनियां 45 देशों के 300 से ज्यादा शहरों तक फैल गई हैं। अमेरिका यूनिकॉर्न कंपनियों का भले ही अभी भी प्रमुख केंद्र बना हुआ है, लेकिन उसकी हिस्सेदारी दो तिहाई से घटकर अब लगभग आधी रह गई है।

एशिया-प्रशांत क्षेत्र में भारत में भी खूब यूनिकॉर्न फलफूल रहे हैं। यहां 2014 और 2024 के बीच 109 यूनिकॉर्न तैयार किए हैं। बेंगलुरु (46 यूनिकॉर्न), मुंबई (19) और गुरुग्राम (15) जैसे शहर प्रमुख यूनिकॉर्न हब के रूप में उभर कर सामने आए हैं।

बंगाल की राजनीति के 'चाणक्य' मुकुल रॉय नहीं रहे

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के किसी समय सबसे भरोसेमंद सहयोगी और तृणमूल कांग्रेस के प्रमुख रणनीतिकार माने जाने वाले पूर्व रेल मंत्री मुकुल रॉय का रविवार देर रात दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे।

रॉय के बेटे सुभ्रांशु रॉय ने बताया कि मुकुल रॉय ने सॉल्ट लेक के एक अस्पताल में देर रात करीब डेढ़ बजे अंतिम सांस ली। वह कई बीमारियों से जूझ रहे थे। परिवार के सदस्यों ने बताया कि उन्हें मनोभ्रंश भी हो गया था और हाल ही में वह कोमा में चले गए थे।

केंद्र में मंत्री और पश्चिम बंगाल से दो बार राज्य सभा सदस्य रहे रॉय चार दशक लंबे राजनीतिक करियर में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी का हिस्सा रहे। उनके राजनीतिक करियर की शुरुआत युवा कांग्रेस से हुई, जिसके बाद उन्होंने ममता बनर्जी के साथ हाथ मिलाया और 1998 में कांग्रेस से अलग होकर तृणमूल कांग्रेस का गठन किया। वह एक संस्थापक सदस्य के रूप में जल्द ही नवगठित पार्टी के प्रमुख संगठनात्मक स्तंभों में से एक के रूप में उभरे और बाद में इसके महासचिव के रूप में कार्य किया। वह 2006 में राज्य सभा के लिए चुने गए और 2009 में उच्च सदन में पार्टी के नेता बने और दिल्ली में तृणमूल कांग्रेस के प्रमुख संकटमोचक के रूप में उभरे।

संप्रग सरकार के दूसरे कार्यकाल में जब तृणमूल एक घटक दल थी तो रॉय ने पहले जहाजरानी राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया और फिर 2012 में रेल मंत्री का पदभार संभाला। पश्चिम बंगाल के राजनीतिक हलकों में रॉय ने संगठनात्मक कार्यों में पर्दे के पीछे काम करने वाले एक निपुण या 'चाणक्य' के रूप में ख्याति अर्जित की। **भाषा**

बिज़नेस स्टैंडर्ड 'मंथन आज से

पृष्ठ 1 का शेष

समापन दिवस पर कई पैनल चर्चाएं होंगी, जिनमें एक प्रमुख प्रश्न होगा कि क्या भारत दुनिया की 'फूड फैक्ट्री' बन सकता है? इस पर नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद, प्रोफेसर अशोक गुलाटी और सीएसईपी के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ फेलो लवीश भंडारी अपने विचार रखेंगे। अन्य चर्चाएं सामाजिक अधोसंरचना, हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रिक वाहन की ओर बदलाव तथा रक्षा व भू-राजनीति में रणनीतिक स्वायत्तता पर केंद्रित होंगी। भारत मंडपम के दो सभागारों में बैठे और ऑनलाइन मौजूद दर्शकों के लिए मंथन का यह तीसरा संस्करण भारत के भविष्य की दिशा को नए स्तर पर ले जाएगा।

एशिया-प्रशांत के शीर्ष 5 में आईजीआई

सुरजीत दास गुप्ता

दिल्ली स्थित अंतरराष्ट्रीय इंदिरागांधी एयरपोर्ट (आईजीआई) एशिया प्रशांत क्षेत्र के 10 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में पांचवें नंबर पर आ गया है। कोविड महामारी के बाद इसकी स्थिति में तेजी से बदलाव देखने को मिला है और इसने तेज छलांग लगाई है।

विमानन डेटा प्लेटफॉर्म ओएजी के अनुसार, वर्ष 2025 में दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट 4.61 करोड़ सीटों के साथ 5वें स्थान पर रहा, जबकि 2019 में यह 9वें स्थान पर था। भारत में हवाई यात्रा की बढ़ती घरेलू मांग ने इसमें बड़ी भूमिका निभाई है। क्योंकि जैसे-जैसे स्थानीय स्तर पर हवाई जहाजों से लोगों की आवाजाही बढ़ी, देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो के नेतृत्व में बहुत तेजी से क्षमता विस्तार हुआ, जिससे दिल्ली हवाई अड्डे का प्रदर्शन वैश्विक स्तर पर बेहतर हुआ।

और 2019 के बाद से छह वर्षों के दौरान दिल्ली हवाई अड्डे ने एशिया के कई विख्यात हवाई अड्डों को पीछे छोड़ दिया, जिनमें बैंकाक सुवर्णभूमि (2025 में 3.94 करोड़ सीट क्षमता), सिंगापुर चांगी (4.25 करोड़) और दक्षिण कोरिया का सोल इंचियोन (4.34 करोड़) शामिल हैं। वर्ष 2019 में ये सभी हवाई अड्डे दिल्ली स्थित आईजीआई के मुकाबले काफी व्यस्त माने जाते थे।

इतना ही नहीं, दिल्ली हवाई अड्डा पेइचिंग कैपिटल के भी काफी करीब पहुंच गया है, जो 2019 में इस क्षेत्र का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा हुआ करता था। वर्ष 2025 में आईजीआई और पेइचिंग कैपिटल के बीच केवल 31,000 सीटों का ही अंतर रहा। महामारी के दौरान पेइचिंग एयरपोर्ट की स्थिति काफी तेजी से बदली और अब यह 4.62 सीटों के साथ वैश्विक स्तर पर चौथे स्थान पर आ गया है।

दिल्ली में एयरपोर्ट की संचालक एजेंसी जीएमआर यहां लगातार क्षमता विस्तार पर ध्यान केंद्रित कर रही है। अगले 5 वर्षों में यह इसकी क्षमता में 30 प्रतिशत की वृद्धि करने की योजना बना रही है।

niva Health Insurance

निवा बुपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

आईआरडीएआई पंजीकरण संख्या: १४५ | कॉर्पोरेट पहचान संख्या (CIN): L66000DL2008PLC182918
पंजीकृत कार्यालय: सी–९८, प्रथम तल, लाजपत नगर, भाग–१, नई दिल्ली–११००२४
कॉर्पोरेट कार्यालय: तीसरी मंजिल, कैपिटल साइबरस्केप, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, सेक्टर–५९, गुरुग्राम–१२२१०१, हरियाणा

वेबसाइट: www.nivabupa.com | ईमेल: investor@nivabupa.com | टेलीफोन: +९१-१२४-६३५४९००

पोस्टल बैलेट (डाक मतपत्र) की सूचना

प्रिय सदस्यों,

कंपनी अधिनियम, २०१३ (**"अधिनियम"**) की धारा १०८ और धारा ११० के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, २०१४ (**"नियम"**) के नियम २० और नियम २२, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, २०१५ (**"सेबी लिस्टिंग रेगुलेशन"**) के विनियम ४४, और इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक (**"SS-२"**) के अनुसरण में, तथा कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (MCA) द्वारा जारी विभिन्न परिपत्रों, जिसमें नवीनतम सामान्य परिपत्र संख्या ०३/२०२५ दिनांक २२ सितंबर, २०२५ (**"MCA परिपत्र"**) शामिल हैं, जिनके माध्यम से रिमोट ई-वोटिंग ("ई-वोटिंग") के द्वारा सामान्य बैठकें आयोजित करने या पोस्टल बैलेट प्रक्रिया संचालित करने का प्रावधान है, और सेबी लिस्टिंग रेगुलेशन एवं अधिनियम के अन्य लागू प्रावधानों (समय-समय पर लागू किसी भी वैधानिक संशोधन या पुन: अधिनियमन सहित), के तहत ई-वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से पोस्टल बैलेट द्वारा सामान्य प्रस्ताव (Ordinary Resolution) पारित करके निम्नलिखित विशेष कार्यों को निष्पादित करने के लिए कंपनी के सदस्यों की स्वीकृति मांगी जा रही है:

क्र. सं.	प्रस्ताव का विवरण
१.	श्री रोजर विलियम जॉन डेविस (DIN: ११४१७४४८) की कंपनी के गैर-कार्यकारी निदेशक (Non-Executive Director) के रूप में नियुक्ति।
२.	प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री कृष्णन रामचंद्रन (DIN: ०८७१९२६४) के वित्तीय वर्ष २०२५-२६ के पारिश्रमिक में संशोधन।

लागू कानूनों के अनुसार, कंपनी ने सोमवार, २३ फरवरी, २०२६ को उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (ई-मेल) द्वारा व्याख्यात्मक विवरण के साथ पोस्टल बैलेट सूचना भेजने का कार्य पूरा कर लिया है, जिनके नाम सदस्यों के रजिस्टर/लाभकारी स्वामियों की सूची में दर्ज थे और जिनकी ई-मेल आईडी शुक्रवार, २० फरवरी, २०२६ ("कट-ऑफ तिथि") तक कंपनी/केफिन टेकनोलॉजीज लिमिटेड ("KFin Tech" या "रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट"/डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत है। उक्त पोस्टल बैलेट सूचना कंपनी की वेबसाइट www.nivabupa.com के प्रासंगिक अनुभाग, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों www.bseindia.com और www.nseindia.com, तथा कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट की वेबसाइट https://evoting.kfintech.com पर भी उपलब्ध है। जो व्यक्ति कट-ऑफ तिथि को सदस्य नहीं हैं, उन्हें इस सूचना को केवल जानकारी के उद्देश्य से मानना चाहिए।

MCA परिपत्रों के अनुसार, पोस्टल बैलेट फॉर्म और प्री-पेड बिजनेस लिफाफे के साथ सूचना की भौतिक प्रति (Physical Copy) भेजने की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है। कट-ऑफ तिथि को शेयर रखने वाले सदस्य केवल ई-वोटिंग के माध्यम से ही मतदान कर सकते हैं।

ई-वोटिंग के लिए निर्देश:
कंपनी ने सदस्यों को सुरक्षित रूप से इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपना मत देने में सक्षम बनाने के लिए KFin Tech को नियुक्त किया है। ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने की विस्तृत प्रक्रिया सूचना (Notice) में प्रदान की गई है। ई-वोटिंग बुधवार, २५ फरवरी, २०२६ को सुबह ९:०० बजे (IST) से शुरू होगी और गुरुवार, २६ मार्च, २०२६ की शाम ५:०० बजे (IST) समाप्त होगी।

इस अवधि के दौरान, कट-ऑफ तिथि तक शेयर रखने वाले सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना मत देंगे। सदस्यों से अनुरोध है कि वे गुरुवार, २६ मार्च, २०२६ को शाम ५:०० बजे (भारतीय मानक समय) से पहले ई-वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से अपनी सहमति (ASSENT/FOR) या असहमति (DISSENT/AGAINST) प्रदान करें। इसके बाद केफिन टेक द्वारा ई-वोटिंग को अक्षम कर दिया जाएगा। एक बार सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पर मत देने के बाद, वे बाद में इसमें बदलाव नहीं कर पाएंगे। जिन सदस्यों ने अपने ई-मेल पते अपडेट नहीं किए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के माध्यम से डिपॉजिटरी के पास इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखे गए अपने शेयरों के लिए ई-मेल पता पंजीकृत कराएं।

कंपनी के निदेशक मंडल ने पोस्टल बैलेट प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संचालित करने के लिए मेसर्स रवीत पांडे एंड एसोसिएट्स के श्री रवीत पांडे, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी (FCS नंबर ५९२२ और COP नंबर ५८७७) को स्क्रूटिनाइजर नियुक्त किया है। यदि प्रस्ताव आवश्यक बहुमत से पारित हो जाते हैं, तो उन्हें गुरुवार, २६ मार्च, २०२६ यानी ई-वोटिंग प्रक्रिया की अंतिम तिथि को पारित माना जाएगा।

ई-वोटिंग के माध्यम से पोस्टल बैलेट के परिणाम और स्क्रूटिनाइजर की रिपोर्ट, अध्यक्ष या उनके द्वारा इस संबंध में अधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा शनिवार, २८ मार्च, २०२६ को या उससे पहले घोषित किए जाएंगे। इन्हें कंपनी की वेबसाइट www.nivabupa.com और केफिन टेक की वेबसाइट https://evoting.kfintech.com पर भी होस्ट किया जाएगा। परिणाम और स्क्रूटिनाइजर की रिपोर्ट BSE और NSE को भी सूचित की जाएगी, जहाँ कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं। इसके अतिरिक्त, परिणाम कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

किसी भी प्रश्न/शिकायत के मामले में, आप सदस्यों के लिए 'अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न' (FAQs) और ई-वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल देख सकते हैं जो https://evoting.kfintech.com के 'डाउनलोड' अनुभाग में उपलब्ध है, या केफिन टेक को १८०० ३०९ ४००१ (टोल फ्री) पर कॉल कर सकते हैं, या केफिन टेक के RIS विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक, श्री पी नागेश्वर राव को einward.ris@kfintech.com और evoting@kfintech.com पर ई-मेल भेज सकते हैं। सदस्यों से अनुरोध है कि वे सूचना (Notice) में दिए गए सभी नोटों, और विशेष रूप से ई-वोटिंग के माध्यम से मत देने के तरीके को ध्यान से पढ़ें

निवा बुपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षरित
अपर्णा शर्मा
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी
ICSI सदस्यता संख्या: A२४३९९

गुरुग्राम
२३ फरवरी, २०२६

बीमा एक अनुबंधात्मक विषय है। निवा बुपा हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड (आईआरडीएआई पंजीकरण संख्या १४५) Bupa और "HEARTSEAT" शब्दों उनके संबंधित स्वामियों के पंजीकृत ट्रेडमार्क हैं और इन्हें निवा बुपा हेल्थ इंश्योरेंस द्वारा लाइसेंस के अंतर्गत उपयोग किया जाता है। आईआरडीएआई पंजीकरण संख्या: १४५ | पंजीकृत कार्यालय: सी–९८, प्रथम तल, लाजपत नगर, भाग–१, नई दिल्ली–११००२४ | कॉर्पोरेट कार्यालय: तृतीय तल, कैपिटल साइबरस्केप, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, सेक्टर–५९, गुरुग्राम–१२२१०१ (हरियाणा) | कॉर्पोरेट पहचान संख्या (CIN): L66000DL2008PLC182918 | पंजीकृत ईमेलआईडी पता: ULC-grievance@nivabupa.com | वेबसाइट: www.nivabupa.com

ADITYA BIRLA CAPITAL
ASSET MANAGEMENT

Aditya Birla Sun Life AMC Limited(Investment Manager for Aditya Birla Sun Life Mutual Fund) Registered Office: One World Center, Tower 1, 17th Floor, Jupiter Mills, Senapati Bapat Marg, Elphinstone Road, Mumbai - 400 013. Tel: 4356 8000. Fax: 4356 8110/8111. CIN: L65991MH1994PLC080811

PUBLIC NOTICE

It has come to our attention that certain unscrupulous persons are falsely impersonating officials/employees of Aditya Birla Sun Life AMC Limited ("ABSLAMC"). In particular, an individual operating under the name "Diya Mehra" is falsely representing herself as an employee/representative of ABSLAMC and is engaging in fraudulent activities with members of the public.

We have been informed that such unknown persons have created and are circulating fake documents purportedly issued by ABSLAMC, developed a fake application in the name of "ABSLHNW", issued fabricated statements of account, and prepared fake employee identity cards. They have been forging signatures of key managerial personnel of ABSLAMC. By using false representations and forged documents, they are duping individuals and extracting money through fraudulent means.

We hereby clarify that ABSLAMC is in no manner associated with the said individual or group of individuals, fake above mentioned application, fabricated documents, or any such fraudulent communications or platforms. ABSLAMC shall not be held responsible or liable for any actions, representations, assurances, commitments, or financial transactions undertaken by such impersonators, nor for any loss or damage suffered by any person who deals with them.

Members of the public are advised to exercise utmost caution and not to rely upon or engage with any unauthorised persons, applications, links, messages, or documents claiming any association with ABSLAMC. Investors and the general public at large are urged to interact/ communicate with and invest in the schemes of ABSLAMC strictly through our below mentioned official channels.

Our official website of ABSLAMC is https://mutualfund.adityabirlacapital.com/

Our social Media handles

- Facebook- https://www.facebook.com/abslmutualfund
- Instagram- https://www.instagram.com/abslmutualfund/
- X - https://x.com/abslmf
- LinkedIn- https://www.linkedin.com/company/abslmf/
- YouTube - https://www.youtube.com/@AdityaBirlaSunLifeAMC

Any person who has been approached by such impersonators or has fallen victim to such fraud is advised to immediately report the matter to the nearest police station/cybercrime cell and to intimate ABSLAMC through its official fraud control channel ABSLAMCFraudControl@adityabirlacapital.com also ABSLAMC reserves the right to initiate appropriate civil and/or criminal proceedings against the said impersonators and any other persons found to be involved in or assisting with such fraudulent activities.

For Aditya Birla Sun Life AMC Limited

Head of legal
Authorized Signatory

Aditya Birla Sun Life AMC Limited